Title : Problems being faced by the "Jana Swasthya Rakshaks" in the country.

श्री शैलेन्द्र कुमार : माननीय उपाध्यक्ष जी, अभी हमने समाचार पत्रों में पढ़ा कि पूरे हिंदुस्तान में जन-स्वास्थ्य-रक्षक जो कर्मचारी थे, जिनकी नियुक्ति प्रख्याद समाजवादी नेता और भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्री स्वर्गीय राजनारायण जी के समय में हुई थी और बहुत दिनों से उनको मानदेय पर गांवों में जन-स्वास्थ्य-रक्षक के रूप में रखा गया था, उनको हटा दिया गया है। अभी जंतर-मंतर पर उन्होंने धरना-प्रदर्शन भी किया कि उनकी सेवाएं ली जाएं। अभी हमने हाउस में स्वास्थ्य संशोधन विधेयक 47(क) पर बड़े विस्तार से चर्चा की है कि हम ग्रामीण स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलेंगे। उसकी अवधारणा तभी पूरी हो पाएगी, जब हम इन्हीं जन-स्वास्थ्य-रक्षकों को पुनः नियुक्त करेंगे। मैं सरकार से पुरजोर मांग करता हूं कि उनकी पुनः नियुक्ति की जाए और उन्हें सरकारी कर्मचारियों के बराबर वेतन दिया जाए।